## *Media Coverage for our "No Tobacco Day" Programme*



दिल्ली — शुक्रवार 6 जून 2014 — 3

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों ने तंबाकू छोड़ने की शपथ ली

हमारा मैट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। केयर प्रॉमिस वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस (31 मई) के अवसर पर जन-जागरूकता अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का कुशल निर्देशन संस्था के डायरेक्टर श्री जी0 एस0 भटनागर तथा नेतृत्व प्रोग्राम मैनेजर श्री के0 के0 तिवारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 50 लोगों ने भविष्य में तंबाकू का किसी भी रूप में प्रयोग न करने की शपथ ली। रैली का शुभारम्भ प्रातः [illegible] नगर में हुआ और [illegible] मार्केट में जा कर हुआ। रैली में संस्था के वालंटियर स्थानीय लोगों के साथ हाथों में पोस्टर, बैनर व प्लेकार्ड लिए हुए थे। जिन पर तंबाकू के दुष्प्रभावों से संबंधित स्लोगन लिखे हुए थे। तंबाकू, सिगरेट की बुरी लत से छुटकारा पाने के उपायों से संबंधित पम्फलेट भी लोगों में वितरित किये गये। रास्ते में जगह-जगह [illegible] के माध्यम से भी लोगों को धूम्रपान से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। [illegible]

[illegible] में न लेने की शपथ ली। आम जनता के सामने ही इन लोगों ने नशे से संबंधित चीजें जैसे बीड़ी, सिगरेट, माचिस व गुटका के पैकेट को तोड़कर फेंक दिया। संस्था के डायरेक्टर श्री जी0 एस0 भटनागर ने ऐसे व्यक्तियों को नशे से लगाव और संस्था की तरफ से गोल्ड मेडल देकर उन्हें सम्मानित भी किया और भविष्य में उनको संस्था के सम्पर्क में [illegible]

[illegible] कुमार ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि केयर प्रॉमिस वेलफेयर सोसायटी वर्ष 2002 से पूरे भारतवर्ष में तंबाकू के विरूद्ध जागरूकता अभियान चला रही है और अब तक हजारों लोगों को नशे की बुरी आदतों से छुटकारा दिला चुकी है। श्री राजेश कुमार ने कार्यक्रम में सहयोग के लिए सभी वालंटियर व स्थानीय जनता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

[illegible] पानी से निगलनी नहीं है।

4. दवा को सूरज की रोशनी से, किसी भी प्रकार की खुशबू या बदबू से बचायें।

5. दवा गोली न0 30 की एक खुराक चार गोली वयस्क के लिए व तीन गोली बच्चों के लिए।

6. दवा जितनी बार कही गई हो उतनी ही बार लेनी चाहिए।

## *Programme Being Presented in a School*

हिन्दुस्तान
फरीदाबाद • शनिवार • 15 दिसंबर 2012 18

# स्वास्थ्य के बारे में किया जागरूक

पलवल | कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में केयर प्रॉमिस सोसाइटी के तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को विभिन्न घातक बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर स्कूल के प्रो-वाइस चेयरमैन एसपी लाल भी मौजूद थे।

जागरूकता कार्यक्रम के तहत सोसाइटी के निदेशक जीएस भटनागर व राजेश कुमार ने लोगों में फैल रहे एचआईवी, एड्स, हेपेटाइटिस बी, तथा कैंसर जैसी घातक बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं में बढ़ रही नशाखोरी की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्रों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को स्वस्थ रखने में वातावरण का अहम योगदान होता है। ऐसे में अपने आस-पास के वातावरण को शुद्ध रखना चाहिए, खासकर सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समय के साथ युवाओं में तेजी से बदलाव आ रहा है। युवा वर्ग असुरक्षित यौन संबंध बनाने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस प्रवृत्ति को रोके जाने की जरूरत है। प्रो-वाइस चेयरमैन एसपी लाल ने छात्रों से अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने की अपील की।



पलवल के डीपीएस स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को जानकारी देते केयर प्रॉमिस सोसाइटी के निदेशक जीएस भटनागर, डा. के. के. तिवारी व राजेश कुमार।

# हेपेटाईटिस और कैंसर के खिलाफ केपीवीएस ने छेड़ी जंग

हिन्द संवाददाता

गाजियाबाद। नवयुवतियों तथा महिलाओं को उनके अधिकार की जानकारी और हेपेटाईटस व कैंसर जैसे गंभीर रोग के प्रति देशवासियों में जनजागृति के लिये नई दिल्ली की केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी विगत 10 वर्ष से कार्य कर रही है। यह कहना है सोसायटी के निदेशक जीएस भटनागर का।

उन्होंने बताया कि नवयुवतियों एवं महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी के अलावा कैंसर के पैदा होने, उससे बचाव और हेपेटाईटस के लक्षणों की जानकारी से देश के विभिन्न भागों में परिचर्चा आदि आयोजित कर परिचित कराया जाता है। उन्होंने बताया कि कैंसर के लक्षणों में भूख कम लगना, शरीर के वजन में तेजी से कमी होना, खून में हेमोग्लोबिन की मात्रा का कम होना। कभी कब्ज व कभी दस्त का होना, लगातार खांसी या गले में रूखापन, आवाज में बदलाव का आना, लगातार टांगों, जोड़ों, पीठ या हड्डियों में दर्द होना।

श्री भटनागर के अनुसार उनकी संस्था केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी की स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी, तभी से ही इस तरह के कैंप और चिकित्सा आदि शिविर आयोजित करती रहती है। इसी तरह के जनजागृति शिविरों के माध्यम से विगत 10 वर्षों में देश के हजारों स्कूलों में, वहां अध्ययनरत लाखों बच्चों को चिकित्सा सुविधा आदि देने के अलावा कैंसर तथा हेपेटाईटस की जानकारी और उससे बचाव के तरीके बता चुकी है। सोसायटी की स्थापना वर्ष 2002 में डा. एमके दुबे ने की थी, तभी से यह संस्था नुक्कड़ नाटक, हैल्थ कैम्प और गरीब बच्चों को उनकी पढ़ाई के लिये सहायता भी उपलब्ध कराती चली आ रही है।

इसके अलावा केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी द्वारा अब तक कैंसर से पीड़ित करीब 200 मरीजों को 50 लाख की धनराशि उपलब्ध करा चुकी है। इसी तरह का एक कैंप एमबी गर्ल्स इंटर कालिज में भी लगाया गया जहां मौजूद कालिज की लड़कियों और अध्यापिकाओं को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई तथा कैंसर और हेपेटाईटस से बचाव और उसके लक्षणों से भी परिचित कराया।



**संस्था द्वारा चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान**

# एनजीओ ने बच्चों की सहायता के लिए बढ़ाई सक्रियता



-प्रलयंकर प्रतिनिधि-

गाजियाबाद, 25 सितम्बर। एनसीआर में सक्रिय एक एनजीओ केयर प्रोमाईज वेलफेयर सोसायटी ने मंगलवार को नगरपालिका बालिका इंटर कॉलेज चंद्रपुरी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को एनजीओ की ओर से अपनी गतिविधियों की जानकारी दी गई। कॉलेज के प्रांगण में हुए कार्यक्रम में कॉलेज के ही लगभग तीन हजार छात्राएं मौजूद थीं। छात्राओं को गतिविधियों की जानकारी डी.एस. भटनागर ने दी। वे भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के निदेशक पद से अवकाश प्राप्त के बाद एनजीओ से जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर एनजीओ के फाउंडर मेम्बर व सचिव राकेश कुमार मौजूद थे।

12 जुलाई 2002 में डा. एस.के. दुबे ने लखनऊ में इसकी स्थापना की थी अपने पिता की कैंसर से मृत्यु के पश्चात इन्होंने ये कार्य शुरू किया।

पिछले दस सालों से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही है। सन 2002 से रजिस्टर्ड है। संस्था कैंसर, हैपिटाइटिस बी, महिला शोषण और जो आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्र होते हैं। उनकी भी पूरी सहायता कर रही है इसके साथ-साथ संस्था ने दो सौ से ज्यादा कैंसर के रोगियों को पचास लाख रुपये की आर्थिक मदद दे चुके हैं। इसके साथ-साथ संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक, स्टेज प्ले, हैल्थ चैकअप कैम्प लगाये जाते हैं। बच्चों की सहायता के लिए संस्था शिक्षित बचपन प्रोजेक्ट चला रही है। संस्था के ये सभी कार्य बिना सरकारी सहायता के हो रही है। अगर सरकारी सहायता मिल जाये तो ये संस्था और भी आगे बढ़कर कार्य कर सकती है।

# एमबी गर्ल्स में लगा जाग्रति कैम्प

- महिला अधिकार के अलावा कैंसर और हेपेटाईटस के बारे में दी जानकारी
- देश के 5500 स्कूलों के 50 लाख बच्चों को कर चुकी है जागरूक

गाजियाबाद (हि.सं.)। लड़कियों को उनके अधिकार व कैंसर और हेपेटाईटस जैसे गंभीर रोग के प्रति जनजागरूकता के लिये नई दिल्ली की केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी ने महानगर के नगर पालिका बालिका इंटर कालिज में कैम्प का आयोजन किया। इस अवसर पर सोसायटी के निदेशक डीएस भटनागर ने वहां अध्ययनरत बालिकाओं को उनके अधिकार व महिला अधिकारों की जानकारी के अलावा कैंसर के कारक, उससे बचाव और हेपेटाईटस के लक्षणों की जानकारी से परिचित कराया। जनजाग्रति शिविरों के माध्यम से 10 वर्षों में देश के 55 सौ स्कूलों में जाकर वहां के 50 लाख बच्चों को चिकित्सा सुविधा और कैंसर तथा हेपेटाईटस की जानकारी और उससे बचाव के तरीके बता चुकी है। एमबी गर्ल्स इंटर कालिज की प्रधानाचार्य इशरत फातिमा ने बताया कि सोसायटी द्वारा उनके यहां स्कूल में पढ़ रही बालिकाओं को बहुत ही अच्छे तरीके से महिला अधिकार की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यापक सविता सिंह, नीलम राजपूत, दीपिका, नीरज शर्मा, नजदा नकवी, सोसायटी के सचिव राजेश कुमार और कुमारी किरण ने भी सहयोग दिया।

# बीमारी के खिलाफ जागरूक करेगी केयर प्रोमिस

23/4/10
दैनिक जागरण

- संस्था कांगड़ा में खोलेगी कार्यालय

मुख्य संवाददाता, धर्मशाला : केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी ने लोगों को कैंसर, स्वाइन फ्लू व हैपेटाइटिस के खिलाफ जागरूक करने के लिए अभियान छेड़ा दिया है। संस्था शीघ्र ही अपना कार्यालय कांगड़ा में भी शुरू करेगी। इस कार्यालय में कैंसर व दूसरे रोगों के लक्षण, बचाव व इलाज कैसे करें, की जानकारी दी जाएगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक हरिश कुमार शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व यह संस्था ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड व जम्मू-कश्मीर में पांच हजार से ज्यादा स्कूलों में शिविर लगाकर बच्चों को बीमारियों के खिलाफ जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि संस्था चार सौ से अधिक कैंसर रोगियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी है। उन्होंने बताया कि विकासशील देशों में केवल बीस प्रतिशत लोग ही ऐसे पाए जाते हैं जो कि कैंसर की अंतिम स्टेज पर होते हैं। भारत में 80 फीसदी लोगों को कैंसर का तभी पता चलता है जब यह रोग अंतिम चरण में होता है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की 1980 में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि इस बीमारी की रोकथाम के लिए स्कूली बच्चों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए।

इस दिशा में ही उनकी संस्था प्रयास कर रही है। इसके अलावा संस्था कैंसर जांच केंद्र, कैंसर, रोगी देखरेख केंद्र व सचल कैंसर वाहन इत्यादि के माध्यम से लोगों को कैंसर से बचाने का प्रयास कर रही है।

# 400 रोगियों को आर्थिक मदद

कांगड़ा — केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी पिछले आठ वर्षों से अनवरत समाज को कैंसर व हेपेटाइटिस जैसी भयंकर बीमारियों के प्रति जागरूक कर रही है। यह जानकारी देते हुए सोसायटी के क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश कुमार शर्मा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य कैंसर मुक्त समाज का निर्माण करना है, जिसके लिए संस्था के कर्मठ कार्यकर्ता दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। संस्था अब तक दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश आदि के लगभग पांच हजार स्कूलों में बच्चों को कैंसर, हेपेटाइटिस व स्वाइन फ्लू के प्रति सचेत कर चुकी है। उन्होंने बताया कि संस्था अब तक 400 कैंसर रोगियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी है।

# कैंसर से बचने के उपाय बताए

दोमाना। अनुराधा मिशन स्कूल बनतालाब में केयर प्रामिस वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कैंप का आयोजन कर बच्चों को कैंसर और इसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर सोसाइटी के प्रोग्राम अफसर तिलक राज ने बताया कि धूम्रपान, शराब समेत अन्य नशा सेवन करने वालों में कैंसर होने का ज्यादा खतरा बना रहता है। युवाओं को इससे दूर रहना चाहिए।

# महर्षि विद्यालय के मेधावी सम्मानित

- बीमारी पीड़ित लोगों के लिए एकत्र किए थे पैसे
- प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी नई दिल्ली संस्था ने किया सम्मानित



चंबा में मंगलवार को वितरण समारोह में दयानंद मठ स्कूल के बच्चे अपने प्रार्चाय के साथ।

प्रतिनिधि, चंबा। महर्षि दयानंद आदर्श उच्च विद्यालय चंबा में मंगलवार को केयर प्रोमिस वेल्फेयर सोसायटी नई दिल्ली की ओर से विद्यालय के छात्रों के लिए पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मठ प्रबंधक आचार्य महावीर सिंह ने की। उन्होंने बतायाकि केयर वेलिफेयर सोसायटी एक सामाजिक संगठन है जो 2002 से देशभर में विभिन्न जगह जाकर कैंसर, हेपेटाइटस-बी व स्वाइन फ्लू से पीड़ित गरीब रोगियों की मदद कर रहा है। लोगों को इन भयंकर बीमारी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास कर रहा है।

महर्षि दयानंद आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी 5 से 10 मई तक जागरूकता अभियान में भाग लिया व घर-घर जाकर पीड़ितों के लिए 29482 की धनराशि एकत्रित कर दान स्वरूप संस्था को प्रदान की। बच्चों के इस सराहनीय प्रयास के लिए संस्था ने 1260 रुपये एकत्रित करने वाली छात्रा आयूषि महाजन को गोल्ड मेडल, सर्टिफिकेट, स्मृति चिन्ह, पैन, शब्दकोष, केलकुलेटर और लंच बाक्स देकर सम्मानित किया। 600 रुपये से 1200 रुपये तक एकत्रित करने वाले छात्रों में भरत, यदुनन्दन, सचिन, स्मृति, विशाल, शीतल, रजिया, प्रियंका, कहानी, यामिनी, अमित, जतिन व मनुज को गोल्ड मेडल, स्मृति चिन्ह, शब्दकोष व पैन भेंट किया। 200 रुपये से 600 रुपये इकट्ठे करने वाले छात्रों मृदुल, तनिया, दमन, ऋषभ, स्वाति, अनिकेत, कनिका, प्रियंका, शिल्पा, अभिषेक, अनुराग, पारखी, विशाल, मालविका एवं नम्रता को गोल्ड मैडल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कुंदन लाल गुप्ता ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चे मानव कल्याण के कार्यों में सदा ही अग्रसर रहे हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप व सुनामी पीड़ितों की सहायता के लिए भी लगभग एक लाख रुपये की राशि एकत्रित की थी।

आचार्य महावीर ने कहा कि दयानंद मठ भी एक सेवैच्छिक संस्था है जो इस प्रकार के कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती है। संगठन के परियोजना अधिकारी राजीव कुमार ने इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग के लिए दयानंद मठ चंबा विद्यालय के अध्यापकों व बच्चों का धन्यवाद किया।

# कुल्लू में धूम्रपान निषेध दिवस पर रैली

स्टाफ रिपोर्टर, कुल्लू

धूम्रपान निषेध दिवस पर 31 मई को केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी कुल्लू में जागरूकता रैली निकालेगी। सोसायटी बीएसएन स्कूल रघुनाथपुर के बच्चों व शिक्षकों को साथ लेकर लोगों को जागरूक करेगी। उक्त रैली के दौरान स्कूल के बच्चे बिना शोरगुल के बैनर लेकर सुलतानपुर, रघुनाथपुर व सरवरी में एक घंटे तक चलेंगे। इस दौरान संस्था के प्रोग्राम अधिकारी तिलक राज, जूनियर एग्जीक्यूटिव व संस्था की समाज सेविकाएं भी रैली में शामिल रहेंगी। गौरतलब है कि केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी कैंसर पीड़ित लोगों की मदद करती है। इसके अलावा जरूरतमंद कैंसर पीड़ित मरीजों का इलाज करवाने में आर्थिक रूप से भी मदद करती है। सोसायटी के कार्यक्रम अधिकारी तिलक राज ने बताया कि उनकी सोसायटी पूरे देश में अब तक लगभग 400 कैंसर से पीड़ित मरीजों की आर्थिक रूप से मदद कर चुकी है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में लगभग 12 कैंसर पीड़ितों को वित्तीय सहायता उनकी संस्था दे चुकी है। प्रोग्राम अधिकारी तिलक राज ने बताया कि हिमाचल में उनकी संस्था अपने आफिस खोल रही है, ताकि प्रदेश में जरूरतमंदों को मदद मिल सके।

# मनाली में छात्रों को बताए सेहत के गुर

कुल्लू — केयर प्रोमिस सोसायटी के नुमाइंदों द्वारा मनाली पब्लिक स्कूल के छात्रों को कैंसर व हैपेटाइटिस जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य मंजीत कौर विशेष तौर पर उपस्थित हुईं। संस्था के कार्यक्रम अधिकारी तिलक राज ने बताया कि जितने लोग आज रोड एक्सिडेंट व हार्ट-अटैक से मर रहे हैं, उतने लोग आने वाले समय में अगर उक्त बीमारियों के खिलाफ जागरूक नहीं हुए, तो मरेंगे। उन्होंने बताया कि संस्था दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर के 2000 स्कूलों में छात्रों को इन दिनों जागरूक कर

# तंबाकू सेवन के लिए खबरदार किए छात्र

नगर संवाददाता, कुल्लू

भारत वर्ष में तंबाकू के प्रयोग से होने वाले कैंसर से प्रतिदिन दो हजार लोगों की मौत होती है। यही नहीं, प्रति घंटा कैंसर से मरने वालों की संख्या 82 है, जबकि एक वर्ष में सात लाख 30 हजार लोगों की मौत हो रही है। यह बात केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी के प्रोग्राम अधिकारी तिलक राज ने यहां तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कही। इस मौके पर ब्रह्मऋषि शिक्षा निकेतन स्कूल के छात्रों ने जागरूकता रैली का आयोजन किया। उक्त रैली के दौरान स्कूल के बच्चों ने तंबाकू निषेध दिवस के बारे में जोर-जोर से नारे लगाए। स्कूल के छात्रों ने सुल्तानपुर से लेकर ढालपुर तक रैली निकाली। इसके अलावा स्काउट एंड गाइड के छात्रों ने भी रैली निकालने के अलावा लोगों को तंबाकू निषेध के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा जिला के विभिन्न स्कूलों में रैली निकाल कर छात्रों ने तंबाकू निषेध दिवस पर हर स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी ने भी लोगों को जागरूक किया। प्रोग्राम अधिकारी तिलक राज ने बताया कि हिमाचल में उनकी संस्था अपने आफिस खोल रही है, ताकि प्रदेश में जरूरतमंद लोगों को मदद मिल सके।

# बच्चों को किया बीमारियों के प्रति जागरूक

कुल्लू। ब्रह्म ऋषि मिशन स्कूल जरड़ में केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी ने कैंसर और हैपेटाइटिस बीमारियों के प्रति बच्चों को जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य वीना शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। संस्था के कार्यक्रम अधिकारी तिलक राज ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। इस तरह की बीमारियां महामारी का रूप ले लेती हैं। उन्होंने कहा कि संस्था देश के लगभग 400 लोगों को मुफ्त इलाज करा रही है।

# बच्चों को किया बीमारियों के प्रति जागरूक

कुल्लू। ब्रह्म ऋषि मिशन स्कूल जरड़ में केयर प्रोमिस वेलफेयर सोसायटी ने कैंसर और हैपेटाइटिस बीमारियों के प्रति बच्चों को जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य वीना शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। संस्था के कार्यक्रम अधिकारी तिलक राज ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। इस तरह की बीमारियां महामारी का रूप ले लेती हैं। उन्होंने कहा कि संस्था देश के लगभग 400 लोगों को मुफ्त इलाज करा रही है।